Regarding violation of terms of lease agreement of land of BHEL, Bhopal leased out to industrialists)-laid

श्री आलोक शर्मा **(भोपाल) :** भोपाल में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को उद्योग स्थापना के लिए 4479.21 एकड़ भूमि दी गई थी । इस भूमि में से करीब 75 एकड़ भूमि अन्य उद्योगपतियों को सब लीज पर रानी कमलापति स्टेशन के पास दी गई थी । बीएचईएल द्वारा अनुबंध शब्दों का उल्लंघन करते हुए इन उद्योगपतियों ने माननीय न्यायालय में केस लगा रखा है । लीज का पैसा भी बीएचईएल को नहीं दे रहे हैं । जिस परिजन के लिए जमीन दी गई थी, वह प्रयोजन की भी पूर्ति नहीं करते । जांच कमेटी गठित कर इस पूरे मामले की जांच हो । बीएचईएल की रिक्त भूमि 2000 एकड़ पर भी भूमाफिया के गठजोड़ से लीज रेंट पर देने का प्लान बनाया गया है । यह प्लान निरस्त कर उक्त 2000 एकड़ भूमि पर प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना स्टार्टअप्स की शुरुआत कर युवाओं को रोजगार प्रदान करें ।